मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है

मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है,
मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है।
रिश्ते सभी झूठे है.......
रिश्ते सभी झूठे है सच्चा यही नाता है,
मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है.....

हर सुख मे हर दुख मे तुमको ही याद किया,
अपना हर हाल सदा सांझा तेरे साथ किया,
कुछ और नही सीखा, हमको यही आता है।
मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है.....

उपकार है ये तेरा रहमत ये तेरी है,
वरना औकात है क्या हस्ती क्या मेरी है,
पल पल दिल मेरा माँ, तेरा शुक्र मनाता है।
मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है.....

जब साथ तू मेरे मै क्युं घबराऊंगा,
खुश खुश जीवन पथ पे चलता ही जाऊंगा,
अब बच्चड़ा माँ, तेरी महिमा गाता है।
मै तेरा बेटा हुँ तू मेरी माता है
रिश्ते सभी झूठे है,
रिश्ते सभी झूठे है सच्चा यही नाता है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23240/title/main-tera-beta-tu-meri-mata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |